लोक सभा सचिवालय
प्रेस एवं जन सम्पर्क स्कंध
संसद भवन, नई दिल्ली

LOK SABHA SECRETARIAT
Press and Public Relations Wing
Parliament House, New Delhi

प्रेस विज्ञप्ति PRESS RELEASE

लोक सभा अध्यक्ष ने गृह राज्य लौट रहे प्रवासी श्रमिकों की मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व बिहार में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 14 मई 2020: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कोवीड-19 संकट के कारण घोषित लॉकडाउन के दौरान अपने-अपने गृह राज्य लौट रहे प्रवासी श्रमिकों की मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व बिहार में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु पर शोक व्यक्त किया है। अपने सन्देश में श्री बिरला ने कहा कि अपने गृह राज्यों को लौट रहे प्रवासी श्रमिकों की मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश व बिहार में अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु की दुखद खबरों से उनका मन आहत है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रवासी श्रमिकों के गृह प्रदेश लौटने के प्रयासों के दौरान संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी के मार्गों से गुजर रहे श्रमिकों हेतु भोजन, पेयजल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूरा करने के प्रयास किए जायेंगे।

उन्होंने सभी सदस्यों से आग्रह किया वे कि भी अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों से गुजर रहे प्रवासी श्रमिकों हेतु जल, भोजन व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के उचित प्रबंध

करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रत्येक व्यक्ति को सम्बल व सहायता प्रदान करने का उनका दायित्व और भी बढ़ जाता है।

LOK SABHA SPEAKER EXPRESSES GRIEF OVER DEATHS OF MIGRANT LABOURERS IN ROAD ACCIDENTS IN MP, UP AND BIHAR

New Delhi 14 May 2020: Lok Sabha Speaker Shri Om Birla has expressed grief over deaths of migrant labourers in road accidents in MP, UP and Bihar. Migrant labourers were returning to their home states in the wake of the lockdown declared in the nation due to the outbreak of COVID 19.

In his message Shri Birla said that he was deeply pained by the sad news of deaths of migrant labourers returning to their home states in MP, UP and Bihar. He assured that adequate provisions of food, water and other essential items shall be made for migrant labourers passing through his parliamentary constituency of Kota-Bundi.

Shri Birla requested all Members of Parliament to provide assistance to migrant labourers passing through their constituencies. He emphasized that in these difficult times, their responsibility, as public representatives towards helping and assisting the people, increases manifold.